‘देखो बस्तर सीजन 2-बस्तर ऑन बाइक’

चर्चा में क्यों?

18-20 जून, 2023 तक छत्तीसगढ़ के बस्तर ज़िले में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा ‘देखो बस्तर सीजन 2-बस्तर ऑन बाइक’का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड, बस्तर एवं स्थानीय सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एवं सीमावर्ती राज्यों के 60 राइडर्स ने भाग लिया और बस्तर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये मोटर सर्किट पूरा किया।
- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि ‘बस्तर ऑन बाइक’ का मुख्य उद्देश्य राइडर्स के माध्यम से बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता एवं पहुँच मार्ग, सड़कें, सुविधाएँ पर्यटकों को दिखाना एवं पर्यटन को बढ़ावा देना है।
- राइडर्स ‘देखो बस्तर राइड’का प्रारंभ 18 जून को मां दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर से करते हुए कुरंदी, गुमलवाड़ा, कोलेंग होते हुए तीरथगढ़ पहुँचे। इसके उपरांत 19 जून को सभी राइडर्स तीरथगढ़ से कटेकल्याण होते हुए दंतेवाड़ा, बारसूर, कोरलापल के रास्ते चित्रकोट पहुँचकर मोटर सर्किट को पूरा किया।
- इस आयोजन के समापन समारोह में 19 जून को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के द्वारा वेलनेस टूरिज़्म को बढ़ावा देने हेतु एक कार्यशाला का भी आयोजन किया। जिसमें मास्टरशेफ विजय शर्मा ने मिलेट्स जैसे कोदो, कुटकी, रागी आदि के फायदे एवं पकवानों के बारे में जानकारी दी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dekho-bastar-season-2-bastar-on-bike